भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2648 का उत्तर

तिरूपति से नई रेलगाड़ियां

2648. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार दिव्य स्थान तिरूपति से वाराणसी, उज्जैन, अयोध्या और शिर्डी के लिए सीधी रेलगाड़ियां शुरू करने जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): वर्तमान में, तिरुपति 130 नियमित रेलगाड़ी सेवाओं और 12 विशेष सेवाओं द्वारा सेवित है, जो दिल्ली, कोलकाता, सिकंदराबाद, बेंगलुरु, आदि विभिन्न स्थानों से संपर्कता प्रदान करा रही हैं। तिरुपति 17417/17418 तिरुपति-साईंनगर शिरडी एक्सप्रेस द्वारा साईंनगर शिरडी से भी जुड़ा हुआ है, जबकि यह उज्जैन से 04717/04718 हिसार-तिरुपति स्पेशल एक्सप्रेस द्वारा जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधन की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****